गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय कुलपति ने सेवायोजन होने वाले विद्यार्थियों से की मुलाकात

पंतनगर। 15 अक्टूबर 2022। विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय में कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने आज महाविद्यालय से सेवायोजित होने वाले छात्रों से मुलाकात एवं विचार–विमर्श किया तथा उन्हें प्रोत्साहित किया। यह पारस्परिक विचार–विमर्श, प्रोत्साहन एवं बधाई कार्यक्रम का आयोजन कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के एम.डी.पी. हॉल में किया गया।

कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को उनके सेवायोजित होने पर बधाई एवं शुभकामनायें प्रदान कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वह सभी अभी तक एक संरक्षित वातावरण का हिस्सा रहे हैं जहां या तो उनके माता–पिता अथवा उनके शिक्षक उनको सुरक्षित रखते थे। परन्तु बाहर का वातावरण अत्यधिक प्रतिस्पर्धा तथा क्षमा न करने वाला है। अतः विद्यार्थियों को उसके अनुसार विषय ज्ञान अर्जित करने के साथ–साथ, व्यवहार कुशलता, स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा, नेतृत्व के गुण, दबाव सहने की क्षमता का विकास करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग भाग्यशाली हैं कि हम इस गौरवमयी संस्थान का अंग है तथा उन्होंने विद्यार्थियों से इसका सम्पूर्ण लाभ उठाते हुये अपना प्रतिभा, ज्ञान तथा कौशल विकास करने का आग्रह किया।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डा. आर.एस. जादौन ने बताया कि अभी तक सेवायोजन प्रक्रिया में छः कम्पनियों ने प्रतिभागिता की है तथा विद्यार्थियों को औसतन 9.10 लाख रूपये के वार्षिक वेतन पर चयनित किया है। उन्होंने बताया कि कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय द्वारा वर्षों से शत–प्रतिशत सेवायोजन के अपने लक्ष्य में निरंतर सफलता प्राप्त की है।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्रभारी सेवायोजन, डा. जयन्त गौतम ने बताया कि महाविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्धन के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों में से पचास प्रतिशत का सेवायोजन कार्यक्रम के तृतीय षट्मास के मध्य में ही प्राप्त कर लिया गया है तथा अगले कुछ समय में इसे शत प्रतिशत तक प्राप्त कर लिया जायेगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के प्रस्तुतीकरण के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अतिरिक्त महाविद्यालय के संकाय सदस्य डा. मुकेश पाण्डे, डा. सौरभ सिंह, डा. निर्देश कुमार सिंह, डा. रीतिका भट्ट एवं डा. स्नेहा दोहरे उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।